तुलसी कॉमिक्स

संख्या 2 मूल्य 6.00

अंजाम

Vintage Collection

fenzz scans

सत्य कहानियों की मासिक पत्रिका

पारिवारिक

तुलसी कहानियाँ

प्रधान सम्पादक

वेद प्रकाश शर्मा

सम्पादक

रितुराज

- सारे परिवार के लिये शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक सामग्री से भरपूर !
- आकर्षक, विश्वसनीय, साफ-सुथरी पत्रिका.
- आज ही खरीदें या घरेलू वार्षिक योजना के अन्तर्गत घर बैठे प्राप्त करें.

तुलसी कॉमिक्स एवं तुलसी पॉकेट बुक्स की गौरवशाली भेंट

© सर्वाधिकार सुरक्षित : **तुलसी पॉकेट बुक्स**, देहली रोड, मेरठ-250 002, फोन नं० : 512005, 512531

fenzz scans

अंगारा

कथा :
परशुराम शर्मा

चित्र :
प्रदीप साठे

संपादन :
प्रभिलाजैन

www.fenzz.co.nr

हिन्द महासागर में एक निर्जन द्वीप था जिसका नाम था अंगारा द्वीप। अंगारा द्वीप में वन्य प्राणियों का साम्राज्य था।

एक दिन अमेरिका का एक विशेष खोजी दल द्वीप के तट पर पहुंचा। इस दल का काम हिन्द महासागर में सैनिक अड्डा स्थापित करने के लिये सुरक्षित स्थान तलाश करना था।

कैप्टेन जैकी इस खोजी दल का इंचार्ज था। तट पर पहुंचते ही—

मैं कैप्टेन जैकी बोल रहा हूं। हम अंगारा द्वीप के तट पर पहुंच गये हैं। अभी तक हमारे मार्ग में कोई बाधा नहीं पहुंची। हमारा संदेश हैडक्वार्टर पहुंचा दिया जाये।

ओ.के. कैप्टेन, हिन्द महासागर के अमेरिकन कंट्रोल कमाण्डर को तुम्हारे अगले संदेश का इंतजार रहेगा। गो फॉरवर्ड। बेस्ट ऑफ लक!

स्काउट कमाण्डोज को तट पर उतारो और कमाण्डोज का ग्रीन सिगनल मिलते ही सामान उतारा जायेगा।

ओ.के. कैप्टेन! नौका तैयार है।

जैसे ही खोजी दल के स्काउट कमाण्डोज का सैक्शन तट पर पहुंचा —

ठहरो! रुक जाओ!! आगे मत बढ़ो!!!

यह आवाज कहां से आई?

कोई खतरा?

कमाण्डोज ने अपनी पोजीशन सम्भाल ली।

तुम कौन हो? सामने आओ! कम ऑन...!

मैं अंगारा द्वीप का कानून मंत्री हूं!

कानून मंत्री?

हां, मैं सबको कानून सुनाता हूं। जो कानून तोड़ेगा सजा पायेगा।

सामने आओ!

कानून सुनो— अंगारा उनका साम्राज्य है, जिन्हें तुम्हारी जाति वाले जानवर कहते हैं। और तुम्हारी जाति का कोई प्राणि अंगारा में कदम नहीं रख सकता। यही कानून है।

जानवरों का राज्य! हा-हा-हा!

क्या जानवर बोलते भी हैं?

और जानवरों का कानून! कानून मंत्री! हो-हो-हो!

अगर तुमने आग उगलने वाली नलकी का प्रयोग किसी जानवर पर किया तो सजा मिलेगी।

दिलचस्प कानून है।

सामने आओ तो हम भी कानून पढ़ा दें।

fenzz

आवाज उस झाड़ी के पीछे से आ रही है...!

दूसरा कानून सुनो! अगर तुम रास्ता भटक गए हो तो रूक सकते हो। सुबह हमारा खगोल-भूगोल मंत्री तुम्हें रास्ता बता देगा।

पकड़ लें इस पागल को?

तुम सूरज निकलने से पहले तट छोड़ दोगे। अगर तुमने ऐसा नहीं किया तो कानून की बगावत कहलायेगी। अब मैं जाता हूं!

स्काउट कमाण्डोज आवाज की दिशा में आक्रमण करने दौड़े।

पकड़ लो इसे! भागने न पाये!

मैं दायें से, तुम बायें से!

मालूम पड़ता है हमारा दोस्त कानून मंत्री कानून पढ़ाकर भाग गया।

क्या कोई पागल यहां रहता है?

अरे! यहां तो कोई भी नहीं!!

आसपास सभी जगह कानून मंत्री को खोजा गया। परन्तु कोई नहीं मिला।

हैल्लो, कैप्टेन! रिपोर्ट नोट करें। मैं सार्जेन्ट गोम्स स्काउट कमाण्डोज का चीफ बोल रहा हूं।

रिपोर्ट! तुम्हारी आवाज सुनी जा रही है।

लांच में — अगर कोई पागल आदमी इस द्वीप में रहता भी है तो उससे हमारे अभियान पर कोई अन्तर नहीं पड़ता। सामान उतारो!

यस सर!

कैप्टेन जैकी के आदेश का तुरन्त पालन हुआ — नौकाओं द्वारा सामान तट पर उतारा जाने लगा।

fenzz

सार्जेन्ट विक्टर! लांच की सर्च लाइटें ऑन कर दो। और चारों तरफ निगरानी रखना तुम्हारा काम है। तुम अपनी यूनिट के साथ लांच में रहोगे। मैं द्वीप पर जा रहा हूं।

ओ. के सर!

लांच की सर्चलाइटों ने दिन का-सा उजाला फैला दिया और खोजी दल का कमाण्डर कैप्टेन जैकी अंगारा द्वीप के तट पर उतर गया।

हमें सूचना मिली थी कि इस द्वीप पर कोई इंसान नहीं रहता। फिर गोम्स ने किस पागल आदमी की आवाज़ सुनी जो खुद को कानून मंत्री बताता है?

तट पर खेमें लगा दिये गये और कैम्प के चारों तरफ फौजी कमाण्डोज का पहरा लगा दिया गया।

भोजन की तैयारी की जाये। सुबह होने पर द्वीप के अन्दरूनी भागों का निरीक्षण किया जायेगा।

ओ.के. सर!

fenzz

उसी रात—

मैं अंगारा द्वीप का कानून मंत्री हूं। कानून बनाता हूं— कानून तोड़ने वालों को सजा देता हूं। सुनो, मेरी बात सुनो !

अंगारा द्वीप के सभी मंत्री सभा में मौजूद थे।

डॉक्टर कुणाल दुनिया का पहला आदमी है जो हमारे इस द्वीप में सबसे पहले पहुंचा था। याद है तुम सबको ?

हां, हां ! पहला आदमी ! पहला आदमी !! भारतवासी !!!

उसने हमें बोलना सिखाया !

उसने हमारा साम्राज्य बनाया !

हमें अपनी डॉक्टरी विद्या से हैवानियत से आजाद किया। पहले हम लड़ते थे, अब अंगारा में हम सब भाई-भाई की तरह रहते हैं।

डॉक्टर कुणाल हमारा देवता है !

हम देवता के लिये जान भी दे सकते हैं !

अंगारा के वासियों, डॉक्टर कुणाल ने ही हमें सिखवाया कि दो हाथ-दो पैरों वाला आदमी नामक प्राणी सबसे खतरनाक नस्ल का होता है।

हां, हां! और यह भी कि हमारे राज्य में किसी आदमी को नहीं आने दिया जायेगा!

मैंने उन्हें चेतावनी दी है। वह एक नहीं कई हैं और उनके इरादे ठीक नहीं हैं!

क्या कोई आदमी आ गया?

आदमी को पकड़कर देवता के सामने ले चलो!

कानून कहता है कि अगर कोई हमारे राज्य में जबरदस्ती घुसपैठ करेगा तो हम उसे सजा देंगे।

चाहे जितने हो सबको पकड़ लेंगें!

हम कानून की रक्षा करेंगे!

हम उन पर आक्रमण कर देंगें!

कच्चा चबा देंगें!

कुचल देंगें!

.fenzz

उसी समय डॉक्टर कुणाल सभा में पहुंचे।

ठहरो!

देवता आ गये, देवता आ गये! सब प्रणाम करो!

देवता को हम सब का प्रणाम!

डॉक्टर कुणाल के सामने सारी रिपोर्ट कानून मंत्री ने सुना डाली।

तुम कहते हो कि उनके पास आग उगलने वाले हथियार हैं। सबसे पहले हमें उनसे सभ्य भाषा में बात करनी चाहिये।

जैसी आपकी आज्ञा!

तुम सबको मैंने अपनी सर्जरी से बोलने और सभ्यता का पाठ सिखवाया है। पहले मैं उनसे स्वयं बात करूंगा। उसके बाद कोई निर्णय लिया जायेगा।

हमारा काम आपकी सुरक्षा है इसलिये हम आपको वहां अकेले नहीं जाने देंगे।

शेर सिंह, तुम अपने साथियों द्वारा उन लोगों के ठिकाने के घेराबन्दी कर लो!

ठीक है।

और गिद्धराज, तुम ऊपर से नजर रखोगे ताकि जरूरत पड़ने पर जल्दी सबको खबर कर सको!

वैसे ही करूंगा!

हाथी लाल, तुम देवता की सवारी बनोगे !

मेरा सौभाग्य !

गैंडा बहादुर, तुम झाड़ी में छिप कर निगरानी रखोगे !

जरूर रखूंगा !

मुझे भी तो कुछ काम बताओ, कानून मंत्री !

लोमड़ी रानी ! तुम्हारा काम दिमाग की चतुराई का है — उसकी अभी आवश्यकता नहीं ।

सुबह कानून मंत्री पेड़ों पर छलांगें मारता हुआ कैम्प की तरफ बढ़ रहा था ।

विभिन्न मार्गों से सुरक्षा दल ने अपने-अपने मोर्चे सम्भाल लिये थे ।

डॉक्टर कृष्णन भटनागर हाथी पर सवार कैम्प की ओर रवाना हो गया ।

उधर कैम्प में —

सावधान ! एक आदमी हाथी पर बैठ कर हमारे कैम्प की ओर चला आ रहा है !

आने दो !

कैम्प के नजदीक पहुंचते ही —

तुम्हारा इंचार्ज कौन है — मेरी उससे बात करवाओ ।

यह वह पागल कानून मंत्री जान पड़ता है ।

कमाण्डर जैकी स्वयं डॉक्टर कुणाल से मुलाकात के लिये खेमे से बाहर आ गया ।

मैं कैप्टन जैकी... इस द्वीप का कमाण्डर हूं । तुम कौन हो ?

देवता — अंगारा द्वीप का देवता !

यह हाथी बोलना जानता है ?

हां, अंगारा द्वीप के सभी जानवर बोलना जानते हैं और सभ्य हैं । मुझे डॉक्टर कुणाल कहते है ।

और यह मेरी सर्जरी का कमाल है । दस साल पहले मैं इस द्वीप में जानवरों पर रिसर्च करने आया था ।

ओह ! बहुत दिलचस्प !!

और ये सब मुझे देवता कहते हैं। मैंने इनका एक स्वतंत्र राष्ट्र बनाया है। अब तुम बताओ— तुम यहां क्यों आये हो ?

अंगारा पर अपना फौजी अड्डा स्थापित करने! यहां से हम एशिया के देशों पर सागरिक नियंत्रण रखेंगे।

यह सम्भव नहीं। हमें इंसानों के आपसी युद्ध से घृणा है। यह शान्तिप्रिय साम्राज्य है।

तुम भारतीय मालूम पड़ते हो और हमारे लिये सबसे बड़ा सिरदर्द तुम्हारा देश है। सबसे पहले तो हमें उसकी सागरिक शक्तियां समाप्त करनी हैं।

फिर तो तुम्हें अपना इलाज किसी पागलखाने में करवाना चाहिये, कैप्टन जैकी !

देवता! आप खुद इसका इलाज कर दो। पागल... हा—हा!

शटअप!

कैप्टन जैकी, तुम्हें केवल चौबीस घंटे की मोहलत दी जा सकती है! इस अवधि में तुम्हें यह द्वीप छोड़ना होगा!

पकड़ लो इसे!

अब अगर तुमने जरा भी हरकत की तो गोलियों से भून दिया जायेगा।

शैतानों, तुम अंगारा के शान्तिप्रिय प्राणियों पर इन शस्त्रों का प्रयोग करोगे ? धिक्कार है तुम पर !!

गिद्धराज आकाश से अपनी विलक्षण दृष्टि से सारा दृश्य देख रहा था।

देवता को पकड़ लिया। मुझे सबको खबर कर देनी चाहिये।

गिद्धराज सबसे पहले कानून मंत्री के पास पहुंचा।

सुनो, कानून मंत्री, सुनो! देवता को पकड़ लिया गया! कानून की रक्षा करो!

गिद्धराज, तुम सबको खबर कर दो। आक्रमण! युद्ध!!

गिद्धराज ने सबको सूचना दे दी और जानवरों के काफिले चारों तरफ से लंका की ओर दौड़ पड़े।

कैम्प में डॉक्टर कुणाल को कैद कर लिया गया था।

तुम्हारे सामने अब दो ही रास्ते हैं — या तो हमारी मदद या अपनी मौत!

तुमने मुझे कैदी बनाकर अपनी मौत के वारंट पर हस्ताक्षर कर दिये, जैकी!

सावधान ! चारों तरफ से खौफनाक जानवर बढ़े आ रहे हैं।

आऽऽऽऽ !

एक ओर से हाथियों ने हमला किया।

दूसरी दिशा से शेर चीता ने आक्रमण किया।

बाप रे... इतने शेर चीते...!

तीसरी दिशा से गेंडे, भालू और जंगली भैंसे का आक्रमण हो गया।

बचाओ ऽऽ!

सर ! चारों तरफ से जंगली जानवरों ने तबाही मचानी शुरू कर दी है।

तुम सब मोर्चे सम्भालो...!

युध्द प्रारम्भ हो गया ।

धाँय

धाँय

धाँय

कैप्टेन जैकी ने अपनी हार नजर आते देख लांच की यूनिट से सम्पर्क किया ।

सुनो, लांच कंट्रोल ! द्वीप पर मिज़ाइल दाग दो हमारे कैम्प के इर्द-गिर्द हर तरफ़ बमों से विध्वंश कर दो !

ओ.के. सर !

एक ऊंचे टीले पर बैठी लोमड़ी रानी युध्द देख रही थी ।

काश ! मैं भी लड़ना जानती...!

उसी समय लांच से छूटा पहला गोला उसी टीले के पास गिरा ।

धड़ाम्!

उई अम्मा, मैं मरी...!

उस समुद्री शैतान से गोले छुट रहे हैं... और किसी को उसका पता भी नहीं अब इसकी रोकथाम के लिये मुझे अपना दिमागी खेल दिखाना चाहिये ।

लोमड़ी रानी समुद्र तट पर पहुंच गयी ।

बहन व्हैल रानी, तुम कहां हो ? देवता खतरे में है !

लोमडी रानी की पुकार सुनकर व्हैल रानी समुद्रसतह पर आ गयी और लोमड़ी रानी ने उसे सारी बात समझा दी ।

अब तुम उस समुद्री शैतान को तहस-नहस कर दो । जो गोले फैंक रहा है ।

fenzz

जय देवता !

व्हैल रानी ने लांच पर ज़ोरदार टक्कर मारी ।

सामने से नहीं, व्हैल रानी ! पानी के अन्दर से टक्कर मार कर उलट दो !

लांच पर —

सर, लांच तबाह हो रहा है ! एक बड़ी व्हैल मछली का आक्रमण हम पर हो रहा है !

समुद्र में व्हैल रानी ने लांच को पलट दिया और लांच से शोले भड़कने लगे ।

जबरदस्त विस्फोट हुआ — लांच के टुकड़े-टुकड़े हवा में बिखर गये ।

धड़ाम !

जल्दी बंधन काट डालो। इस समय यहां कोई नहीं है।

चूं...चूं... चूं...देवता... चूं...चूं...

चूं...चूं... चिर्र... चिर्र...

युद्ध मे कुछ जानवर भी मारे गये। परन्तु जीत अंगारावासियों की हुई।

पहला युद्ध! पहली जीत!! कानून तोड़ने वालों को सजा मिली!

कानून मंत्री, अब इन सबकी बंदूकें इकट्ठा करके ले चलो!

जैकी ने मरने से पहले यह खबर हैडक्वार्टर पहुंचा दी थी — हैडक्वार्टर में — !

एक आदमी जानवरों को कंट्रोल कर रहा है! और उसने हमारे खोजी दल को नष्ट कर डाला!

आश्चर्यजनक!

तो क्या हम अंगारा द्वीप पर बनाये जाने वाले स्टेशन का विचार त्याग दें?

नहीं! अंगारा पर हमारा कब्जा होना जरूरी है, कर्नल जोनाधन! और यह कार्य अब तुम्हें करना है। हिन्द महासागर में स्थित अपने जंगी बेड़े को अंगारा आप्रेशन पर रवाना कर दो!

ओ.के., सर! मेरे लिये यह काम चन्द घन्टों का साबित होगा!

हैडक्वार्टर का आदेश पाते ही कर्नल जोनाथन जंगी बेड़े में पहुंचा।

अटैन्शन! कर्नल जोनाथन बेड़े पर उतर रहे हैं।

जोनाथन ने बेड़े के आफिसरों की मीटिंग बुलाई।

अंगारा द्वीप की ओर बेड़े को कूच करना है। और इस आप्रेशन का फाइनल चार्ट तैयार कर लो।

निश्चित योजना बनाकर बेड़ा अंगारा द्वीप के लिये रवाना हो गया।

इधर अंगारा द्वीप में जीत की खुशी में जश्न मनाया जा रहा था।

जीत हमारी!

अंगारा आजाद रहेगा।

हो-हो!

ही-ही-ही!

एक सप्ताह बाद अचानक गिद्धराज ने एक अशुभ समाचार दिया ।

सुनो, अंगारा के कानून मंत्री, मेरी दूर दृष्टि ने क्या देखा !

अशुभ देखा या शुभ देखा ? बताओ !

समुद्र में एक बहुत बड़ा शैतान तैरता हमारे देश की तरफ आ रहा है ।

और क्या देखा ?

जिस तरह के आदमियों से हमारा युध्द हुआ, उसी तरह के आदमी तैरते शैतान पर सवार हैं । और उनके पास भी आग और धमाका करने वाली नलकियां हैं !

हमें फौरन देवता को सूचना देनी चाहिये । यह तो अशुभ समाचार है ।

कानून मंत्री ने डॉक्टर कुणाल तक यह अशुभ समाचार पहुंचा दिया ।

इसका अर्थ यह है कि अमेरिकन जंगी बेड़ा अंगारा पर आक्रमण के इरादे से आ रहा है ।

हमें क्या करना चाहिये ?

लोमड़ी रानी ने अपनी बुध्दि का प्रयोग किया ।

व्हेल रानी की मदद लो । उससे कहो कि वह इस बेड़े को समुद्र में ही रोक ले ।

बिल्कुल ठीक ! और अपने सब साथियों को आदेश दो कि द्वीप की चारों दिशाओं के समुद्री तटों पर नाका बन्दी कर लें — कोई द्वीप पर कदम न रखने पाये ?

यह भी हो जायेगा !

देवता के आदेश का तुरन्त पालन किया गया। सबसे पहले व्हैल रानी जंगी बेड़े को रोकने निकल पड़ी। बेड़े के आगे पैट्रोलियम जहाज चल रहा था।

मैं इसके भी टुकड़े-टुकड़े कर दूंगी! अंगारा की सीमा में नहीं घुसने दूंगी!

यह है तैरता शैतान! पानी के अन्दर से तली पर टक्कर मारती हूं... सामने रही तो मुझ पर आग बरसायेंगे!

पैट्रोलियम जहाज पर व्हैल ने तली से आक्रमण किया।

धड़ाम!

अगले ही पल पैट्रोलियम का जहाज उलट गया।

हैल्लो... जंगी बेड़ा कंट्रोल... हैल्लो... यह एक व्हैल है... जिसने पैट्रोलियम शिप पर आक्रमण कर दिया है।

कर्नल जोनाथन ने योजना बदली।

जंगी बेड़े को रोक दो...!

व्हैल रानी अपना काम करके वापिस लौट गयी।

मेरे रहते कोई समुद्र पर तैरता शैतान अंगारा पर हमला नहीं कर सकता। देवता की जय!

This comics is brought to you by Vintage Collection.

Please Visit

http://www.orkut.co.in/Main#Community?cmm=97630164
http://vintagecollectionforall.blogspot.com/

हवाई हमला...!

जंगी बेड़े के प्लेन अंगारा पर हमले के लिये रवाना हो गये।

जंगी विमानों से अंगारा पर आक्रमण कर दिया। हवाई हमले से अंगारावासियों में भगदड़ मच गयी।

कानून मंत्री, आकाश पर से उड़ते शैतानों ने हम पर आग बरसानी शुरू कर दी है।

धड़ाम!

चलती गोलियों से

आह!

कानून मंत्री देवता के पास पहुंचा।

बताओ, देवता! अब इन हवाई शैतानों से हम कैसे मुकाबला करें? मौत हमारे सिरों पर नाच रही है।

अंगारा की आजादी के लिये हम आखिरी दम तक लड़ेंगे। सबसे कहो कि वे अंगारा के सबसे घने जंगल में छिप जायें और गारों में चले जायें।

उधर बेड़े में —

ताजा सूचना के अनुसार अंगारा में अब एक भी जानवर नजर नहीं आ रहा है, सर !

ठीक है। पैराशूट से अपने छापामार अंगारा पर उतार दो...।

अंगारा द्वीप पर पैराशूट से छापामार उतार जाने लगे।

मुझे खबर कर देनी चाहिये कि छोटे शैतान नीचे उतर रहे हैं।

सारे जानवर अंगारा के घने जंगल और गारों में जमा हो गये — गिद्धराज उन्हें सभी सूचनायें पहुंचा रहा था।

जैसे ही रात हो इन सैनिकों पर आक्रमण करके इन्हें समाप्त कर दो। और वापिस दूसरे जंगल में आ जाओ।

पैराशूट से उतरे छापामार एक जगह एकत्रित हो गये।

फिर रात होते ही —

हमला !

अंगारा वासियों ने पैराशूट से उतरने वाले सैनिक छापामारों पर हमला कर दिया।

आ$$$!

ई$$$!

अमेरिकन छापामारों को मारकर अंगारा वासी फिर से जंगल में लौट गये । परन्तु —

रात के हमले में हमारे सभी साथी मारे गये । सिर्फ मैं जिन्दा बचा हूं और उन जानवरों का पीछा करते हुए एक जंगल में पहुंच गया हूं । वे इसी घने जंगल में छिप गये हैं ।

जंगल की भौगौलिक स्थिति का विवरण दो !

सैनिक ने ट्रांसमीटर पर जंगल की भौगोलिक स्थिति बता दी ।

इस जंगल को तहस — नहस कर दो....

ओ.के. सर !

जंगल पर वायुयानों द्वारा बमबारी होने लगी ।

आऽ !

आ:ऽऽ!

fenzz

धड़ाम्!

अंगारावासियों में त्राहि-त्राहि मच गयी — उनकी संख्या तेजी के साथ घटने लगी ।

देवता, हमें बचाओ !

देवताऽ, हमारी रक्षा करो !

इस युध्द में सारे जानवर मर-खप गये — और जो जिन्दा बचे — वे डॉक्टर कुणाल के पास गार में पहुंचे ।

कानून समाप्त हो गया ! सब मारे गये — और देवता अब हम सात बचे हैं...

उन लोगों ने अंगारा को नष्ट कर दिया !

हमें भी जिन्दा रहने का कोई हक नहीं !

बहुत सोच-विचार के बाद भी कोई हल नहीं निकला ।

लोमड़ी रानी, तुम चुप क्यों हो ? हमें तुम्हारी चतुर बुद्धि पर हमेशा गर्व रहा है । तुम्हीं कोई हल बताओ !

हां, देवता ! अब मेरा काम शुरू होता है । इसका हल मैंने सोच लिया !

हमें इस द्वीप से फरार हो जाना चाहिये । इसी में हमारी भलाई है ।

युद्ध में पीठ दिखाकर भागना कायरता है !

हमारे भाई मारे गये । और हम भाग जायें ?

गैंडा बहादुर ! हाथी लाल ! कानूम मंत्री ! शेरसिंह ! सब बहादुर हैं ! लेकिन अगर हम सब वीरगति को प्राप्त हो गये तो अंगारा हमेशा के लिये समाप्त हो जायेगा । बाहर निकल कर हम कुछ उपाय करेंगे । और अंगारा को आजाद करने के लिये कुछ कर सकेंगे !

लोमड़ी रानी ठीक कहती है । लेकिन हम फरार किस तरह होंगे । हम चारों तरफ से घिरे हैं । जंगल से बाहर निकलते ही हम पर हमला होगा ।

इसकी भी तरकीब है, रात के अंधेरे में हम अंगारा के समुद्री तट तक पहुंचेंगे । फिर मेरी मुंह बोली बहन व्हैल रानी हमें बाहर ले जायेगी !

व्हैल रानी ! ओह !! मगर वह कैसे ले जायेगी ?

कई बार उसके जबड़े में बैठकर मैंने समुद्र की सैर की है ।

शानदार ! हमें तैयारी कर लेनी चाहिये ।

रात होते ही सब जंगल से निकले ।

सब तट पर पहुंच गये ।

व्हैल रानी ! मेरी बहन, तुम कहां हो ? हमारी मद्द करो !

व्हैल पानी से बाहर आ गयी ।

लोमड़ी रानी, तुने मुझे सोते से क्यों जगाया ?

हमारे सब भाई-बहन मारे गये व्हैल रानी ! बस हम ही बचे हैं ! अंगारा पर दुश्मनों का कब्जा हो गया !

लोमड़ी रानी ने सारा किस्सा बयान किया ।

ऐसी बात है तो मैं अभी अंगारा को टक्करें मार-मार कर समुद्र में डुबो देती हूं ! न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी ।

नहीं, नहीं ! ऐसा मत करना । इस तरह अंगारा ही खत्म हो जायेगा तो हम इसे कैसे आजाद करेंगे ? तू हमें अपने जबड़े में बिठा कर यहां से ले चल ।

तो फिर देर काहे की ? आ जाओ मेरे जबड़े में । जहां कहोगे वहां ले चलूंगी ।

व्हैल ने अपना जबड़ा खोला और सब उसमें प्रविष्ट हो गये ।

कहां चलना हैं ?

कहीं भी । इस द्वीप से दूर ले चलो !

सुनो गिद्धराज, तुम अपनी दिव्य दृष्टि का प्रयोग करो। जाओ, किसी द्वीप की तलाश करो।

जो आज्ञा, देवता!

गिद्धराज किसी द्वीप की तलाश में निकल गया और व्हैल यात्रियों को लेकर समुद्र में यात्रा करती रही।

कुछ दिन बाद—

वह देखो! गिद्धराज आ रहा है!!

हम सात दिन से भूखे प्यासे हैं, गिद्धराज! जल्दी आओ!

प्रणाम देवता! मैंने द्वीप तलाश कर लिया है। उस द्वीप पर ज्वालामुखी फटते रहते हैं। इसलिये वहां कोई नहीं रहता।

व्हैल रानी को दिशा बताओ। हम वहीं चलते हैं।

चलो, व्हैल रानी! जिधर से सूरज निकलता है उसी दिशा में चलो। यहां से अधिक दूर नहीं है।

चलती हूं, चलती हूं!

कुछ देर बाद—

वो देखो! सामने द्वीप आ गया। बस उसके तट पर सबको उतरना है।

हैल रानी सबको तट पर ले आई ।

आ जाओ । यहां पर ठन्डे पानी का सोता भी है ।

हैल रानी, तुम कहीं मटरगश्ती को मत निकल जाना । क्या पता हमें यहां से भी भागना पड़े ।

ठीक है, लोमड़ी रानी ! मैं यही हूं । जब चाहें आप आर्डर देकर बुला लेना ।

रहने के लिये ज्वालामुखी का ठन्डा गार तलाश कर लिया गया ।

फरार होकर हम यहां पहुंच तो गये हैं । परन्तु यहां भोजन की व्यवस्था जुटाने में बड़ी कठिनाई होगी !

हमें भोजन की आवश्यकता नहीं है, देवता !

अब बोलो, कानून मंत्री, हमने क्या तय किया है ! देवता को बताओ कि हम अंगारा की आजादी के लिये अपना बलिदान देना चाहते हैं ।

लोमड़ी रानी ठीक कहती है, देवता !

क्या कहती है ? कुछ बताओ तो !

देवता, आपने हमें जुबान दी है । एकता सिरदर्द है । लेकिन हममें से कोई भी इतना ताकतवर नहीं जो उन शैतानों से लड़ सके ।

उनके पास आग उगलने वाले शैतान हैं ।

हम चाहते हैं कि आप हम सबको मिलाकर एक ऐसी शक्ति पैदा करें ।

जो उनसे मुकाबला कर सकें ।

मेरी कुछ समझ में नहीं आ रहा तुम क्या कह रहे हो ?

मैं आपको समझाती हूं क्योंकि मैं बुध्दि की ठेकेदार हूं — मैंने ही यह तरकीब बताई है। आप चीर-फाड़ करके हम सब की योग्यताओं को एक प्राणी में डाल सकते हैं।

हम मर जायेंगे और वह हम सबका एक रूप बनकर शक्तिशाली प्राणी बन जायेगा! हम जानवर सारी दुनिया में समाप्त होते जा रहे हैं। उन्हीं की सुरक्षा के लिये आपने यह साम्राज्य बनाया था। उसे फिर से आबाद करने वाला वह शक्तिशाली प्राणी होगा जो हम सबको मिलाकर बनेगा।

लोमड़ी रानी! इस तरह तुम सब तो मर जाओगे?

नहीं! हम सब उसके शरीर में जिन्दा रहेंगे। और आजादी की लड़ाई में भाग ले सकेंगे।

मेरी आंखें उस प्राणी को देना।

मेरी खाल! इस पर गोली असर नहीं करेगी!

और मेरा दिमाग! व्हेल रानी उसका समुद्री वाहन बनेगी! उसके सीने में शेरसिंह का दिल होगा — और उस के शरीर में हाथियों का बल होगा!

लोमड़ी रानी ठीक कहती है। मैं इन सबको मिलाकर एक शक्तिशाली प्राणी बना सकता हूं! मैं कानून मंत्री के शरीर पर यह सर्जरी करूंगा। और दुनिया के जानवरों का एक शक्तिशाली मसीहा पैदा कर दूंगा!

अगले दिन —

ठीक है, मित्रों! मैं तुम्हारे लिये यह सब करूंगा। और तुम्हारे बलिदान को मेरा बनाया प्राणी कभी नहीं भूलेगा!

कानून मंत्री, तुम्हारे शरीर पर यह प्रत्यारोपण होगा!

मुझे खुशी होगी, देवता!

डॉक्टर कुणाल ने सर्जरी का प्रयोग प्रारम्भ कर दिया।

अब सबसे पहले— लोमड़ी का दिमाग इसमें डालना होगा!

अब इसकी आंखें गिद्धराज की आंखों से बनाई जायेंगी।

इसके सीने में शेर सिंह का दिल होगा।

तब हाथों में गुर्दों का प्रत्यारोपण होगा। जो इसके शरीर में ताकत का संचार करेंगे।

इसके शरीर पर गैंडा बहादुर की त्वचा होगी— बुलेट प्रूफ!

वह बुलेट-प्रूफ हो गया।

मेरा निर्माण पूरा हो गया परन्तु, अभी एक कमी है। इसे सर्जरी द्वारा मानव की शक्ल दी जानी आवश्यक है।

मैं चाहता हूं कि तुम इंसानों की बस्ती में आसानी से आ-जा सको। तभी तुम इन इंसानों से जानवरों की रक्षा कर सकोगे।

स्किन सर्जरी से तुम्हारा चेहरा और जिस्म तराशना होगा, मेरे बच्चे!

डॉक्टर कुणाल ने यह कमाल भी कर दिखाया।

ओहो ! अति सुन्दर ! अब तुम सुपरमैन हो !

मैं तो आपकी तरह आदमी बन गया हूं देवता !

हां, और अब मैं तुम्हें तुम्हारा नाम देता हूं। तुम्हारा नाम होगा 'अंगारा' !!

अमेरिकन फौजियों से युद्ध करने के लिये तुम्हें हथियारों का प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है ! अब हम भारत चलेंगे ! वहां मेरा एक फौजी मित्र जो कर्नल है, कमाण्डोज प्रशिक्षण देता है।

जैसा आप उचित समझें।

कुछ दिन बाद दोनों तट पर पहुंचे।

व्हेल रानी, बाहर आओ !

आवाज सुनते ही व्हेल रानी बाहर आ गयी।

अरे, बाकी सब कहां हैं ? और यह आदमी कौन है ?

देवता ने हम सबको मिलाकर मुझे बनाया है। सब मेरे अन्दर हैं।

डॉक्टर कुणाल ने व्हेल को बताया कि अंगारा किस तरह बना।

मेरी मोटी बुद्धि में यह सारी बातें नहीं आती, देवता। अब आप आज्ञा दें, मुझे क्या करना है ?

तुम अंगारा का समुद्री वाहन बनोगी।

अब हमें भारत देश के तट पर ले चलो !

fenzz

वहां का रास्ता मेरा देखा-भाला है। आ जाओ, मेरे जबड़े में !

अंगारा अपने नये सफर पर निकल पड़ा।

एक दिन दोनों गोवा के एक सुनसान तट पर उतर गये।

तुम यहीं अंगारा का इंतजार करना।

जो आज्ञा, देवता !

विमान से यात्रा करके वे लोग पूना पहुंचे।

यहां, पूना में मेरा वह दोस्त कर्नल शंकर थापा रहता है। तुम्हें उससे प्रशिक्षण प्राप्त करना है।

डॉक्टर कुणाल अंगारा को लेकर कर्नल थापा के निवास पर पहुंचा।

अरे कुणाल, तुम!! बरसों बाद ? कहां चले गये थे, यार ?

बताता हूं। अरा सफर की थकान तो मिट जाये।

कुणाल ने कर्नल थापा को सारी दास्तान सुनाई।

ओह ! जानवरों से तुम्हारे असीम प्रेम का तो मुझे पता था, लेकिन तुमने तो विश्व के सामने एक क्रान्ति ही ला दी...

लेकिन अंगारा का रहस्य किसी को पता नहीं चलना चाहिये।

तुम चिन्ता न करो। मैं उसे दुनिया का सबसे शक्तिशाली कमाण्डो बना दूंगा।

अमेरिकन फौजें हिन्द महासागर में फौजी अड्डा बनायें — यह तो हमारे देश के लिये सबसे बड़ा खतरा है।

तुम अंगारा के प्रशिक्षण में कम से कम समय लेना — यह शीघ्र ही अपने देश को आजाद करने के लिये युध्द लड़ना चाहता है।

अगले दिन सुबह —

पहले मैं देखता हूं कि क्या सचमुच तुम्हारा शरीर बुलेटप्रूफ है!

धाँय धाँय धाँय

बहुत शानदार, अंगारा! अब मैं तुम्हें सुपर कमाण्डो बना दूंगा। लो, पकड़ो यह गन!

और अंगारा का प्रशिक्षण शुरू हो गया।

केवल तीन महीने के प्रशिक्षण में अंगारा दक्ष कमाण्डो बन गया।

मुझे तुम पर गर्व है, अंगारा! जो काम आम कमाण्डो दो साल में भी नहीं सीख पाते, तुमने तीन महीने में सीख लिया।

धन्यावाद, कर्नल!

लो, डॉक्टर कुणाल ! तुम्हारा सुपर कमाण्डो अंगारा तुम्हारे सुपुर्द कर रहा हूं। मैंने इसे आगे की शिक्षा के निर्देश भी दे दिये हैं।

ओह ! मेरा बच्चा सुपर कमाण्डो बन गया।

अंगारा द्वीप की आजादी के लिये मैं पहला युध्द अमेरिकन फौजों से प्रारम्भ करना चाहता हूं। मुझे आज्ञा दें, देवता !

मेरा आशीर्वाद तुम्हारे साथ है।

दोनों गोवा के उसी तट पर आ गये।

युध्द में मैं अकेला जाऊंगा। आप इसी गोवा द्वीप पर मेरी विजय की प्रतीक्षा करें।

व्हैल रानी, कम ऑन डियर ! कम ऑन !!

व्हैल रानी बाहर आ गयी।

अरे अंगारा, तुम्हारी तो बोलचाल-चालढ़ाल सब बदली पड़ी है।

तुम अपनी चाल का ध्यान रखना डियर, हम अमेरिकन फौजियों से लड़ने जा रहे हैं।

अलविदा, देवता ! शीघ्र लौट कर आऊंगा !

तुम्हारी जीत हो अंगारा !

fenzz scans

और फिर व्हैल रानी अंगारा को लेकर अंगारा द्वीप की ओर चल पड़ी।



○ क्या कमाण्डो अंगारा ने युध्द में विजय प्राप्त की ?
○ क्या अंगारा जानवरों का साम्राज्य स्थापित कर सका ?

कमाण्डो अंगारा से अगले अंक में मिलें—

अंगारा की जंग

www.fenzz.co.nr

तुलसी कॉमिक्स

के आगामी कामिक्स

वेद प्रकाश शर्मा

जम्बू के दिमाग का कालुटेरा

रितुराज तौसी की प्रतिज्ञा

fenzz